दिनांकः 24.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य सरकार ने ईंधन बचत और सार्वजनिक खर्चों में कटौती के लिए गाइडलाइन जारी की–मंत्रियों के काफिले सीमित होंगे और विदेश यात्रा पर रोक रहेगी।
- केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा–सरकार की देश की सीमाओं को अभेद्य बनाने की योजना से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ घुसपैठ की आशंका समाप्त होगी।
- स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा–राज्य सरकार पंचायत और निकाय चुनाव कराने के लिए तैयार।
- प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच कुछ हिस्सों में आंधी–बारिश का दौर चला।

000

राज्य सरकार ने ईंधन बचत और सार्वजनिक खर्चों में कटौती को लेकर सभी सरकारी विभागों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इनमें सरकारी खर्चों में कमी लाने, डिजिटल कार्य प्रणाली को बढ़ावा देने और ऊर्जा संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया है। वित्त विभाग की ओर से जारी परिपत्र में सरकारी काफिलों में वाहनों की संख्या सीमित करने, राजकीय खर्च पर विदेश यात्राओं पर रोक लगाने और ईलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के निर्देश जारी किये गये हैं। ये भी तय किया है कि पेट्रोल–डीजल से चलने वाले सरकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से ई व्हिकल्स में बदला जाएगा। संविदा वाहनों में भी ई व्हीकल्स को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही राज्यभर में ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा गया है। इसके अलावा एक ही दिशा में आने–जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को कार पूलिंग अपनाने और तात्कालिक रूप से निजी वाहनों का कम से कम उपयोग करने को कहा गया है। ये खर्च नियंत्रण संबंधी दिशा–निर्देश सभी सरकारी विभागों, निगमों, बोर्डों, विश्वविद्यालयों और स्वायत्तशासी संस्थाओं पर लागू होंगे।

000

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि राजस्थान में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का हब बनने की अपार संभावनाएं हैं। श्री वैष्णव कल जयपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर सेक्टर पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने भिवाड़ी में खुले प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का जिक्र करते हुए कहा कि इससे करीब छह करोड़ चिप का उत्पादन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि इस क्लस्टर के जरिये अब तक 20 कम्पनियों से 12 सौ करोड़ रुपये से अधिक की निवेश योजनाएं आकर्षित की जा चुकी हैं। श्री शर्मा ने कहा कि जोधपुर–पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र तथा कांकाणी इलाके को सिलिकोन वैली ऑफ राजस्थान के रूप में विकसित करने की दिशा में काम शुरू किया जा चुका है।

000

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने केन्द्र सरकार की स्मार्ट बॉर्डर अवधारणा के तहत देश की सीमाओं को अभेद्य बनाने की योजना का स्वागत किया है। श्री शेखावत कल बीकानेर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और किसी भी तरह की घुसपैठ की आशंका समाप्त हो जाएगी।

................

श्री शेखावत ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीकानेर दौरे की तैयारियों का भी जायजा लिया। श्री शाह का कल रात बीकानेर पहुंचने का कार्यक्रम है। वे 26 मई को सांचू बॉर्डर चौकी का निरीक्षण कर जवानों से संवाद करेंगे। वे सीमा सुरक्षा और विकास कार्यों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

000

स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि राज्य सरकार पंचायत और निकाय चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग को हर आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। श्री खर्रा कल अजमेर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशों का अध्ययन कर आगे की कार्रवाई करना निर्वाचन आयोग का काम है।

...............

गौरतलब है कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने हाल ही में जारी आदेश में कहा है कि पंचायत और निकाय चुनाव अब और टाले नहीं जा सकते। अदालत ने, सरकार से चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के लिए 31 जुलाई तक की समय सीमा तय की है। साथ ही ओबीसी आयोग की रिपोर्ट और परिसीमन और मतदाता पुनरीक्षण का काम 20 जून तक पूरा करने के निर्देश दिये हैं।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्कर घाटी में बढ़ते सड़क हादसों को गंभीरता से लेते हुए अजमेर जिला कलेक्टर को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने घाटी के दोनों तरफ हाइट गेज़ लगाने और बड़े वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने के निर्देश दिये हैं। श्री देवनानी ने कहा कि पुष्कर लोगों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है, यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं, ऐसे में घाटी क्षेत्र में सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि 'मेक इन इंडिया' पहल के माध्यम से देश रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है। श्री सिंह ने कल महाराष्ट्र के सावली विहिर औद्योगिक क्षेत्र में तोप के गोले बनाने वाले संयंत्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी लगभग 30 से 35 प्रतिशत है और आने वाले समय में इसे बढ़ाकर 50 फीसदी तक किया जाएगा।

...............

000

प्रदेश में भीषण गर्मी का असर बना हुआ है, हालांकि कल पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ हिस्सों में आंधी–बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, भरतपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली और हल्की बरसात हुई। वहीं जैसलमेर 45 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा। बाड़मेर, बीकानेर और फलौदी में भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री के करीब मापा गया। 44 डिग्री पारे के साथ पिलानी, चित्तौड़गढ़ और कोटा भी प्रचंड गर्मी की चपेट में रहे। राज्य के पश्चिमी और उत्तर–पश्चिमी भागों में गर्म हवाओं का प्रकोप अधिक है। सरहदी जिलों में तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। अगले कुछ दिनों तक हीटवेव की प्रबल संभावना है। पश्चिमी जिलों में तेज लू और पूर्वी तथा उत्तरी जिलों में हीटवेव के साथ गर्म रातों का ऑरेंज तथा येलो अलर्ट बताया गया है। इस बीच, कल से नौतपा शुरू हो रहा है, ये 2 जून तक चलेगा। ऐसा माना जाता है कि इन दिनों सूरज सबसे ज्यादा तपिश पृथ्वी पर डालता है, जिससे गर्मी बढ़ जाती है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

000